‘हमार अपना बजट’ पोर्टल और मोबाइल ऐप

चर्चा में क्यों?

2 दिसिंबर, 2021 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास कार्यालय से वित्ति विभाग द्वारा तैयार हमार ‘अपना बजट पोर्टल’ और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस पोर्टल के माध्यम से राज्य की आम जनता 2022-23 के बजट के लिये अपने बहुमूल्य सुझाव साझा कर सकेगी।
- सरकार को सुझाव देने के लिये https://finance.jharkhand.gov.in/budgetvichar पर लॉग इन करना होगा और ‘हमार अपना बजट पोर्टल’ पर अपना पंजीकरण कराना होगा।
- होम पेज पर दिये गए स्थान में अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल (वैकल्पिक) दर्ज करने के बाद ओटीपी जनरेट करने के लिये क्लिक करना होगा। ओटीपी को किसी की सुविधा के अनुसार किसी भी समय ई-मेल या मोबाइल द्वारा ऑर्डर किया जा सकता है। मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी और उसके स्थान पर दिखाए गए कैप्चा कोड को दर्ज करने के बाद एक पंजीकरण पृष्ठ में प्रवेश किया जा सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hamara-apna-budget-portal-and-mobile-app